# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उत्तर गुजरात में 307 करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

- 33 करोड़ रुपए की लागत से विरमगाम से खुडद होकर रामपुरा तक के 21 किलोमीटर के सड़क मार्ग का विस्तार हुआ, प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण
- 126 करोड़ रुपए की लागत से अहमदाबाद-मेहसाणा-पालनपुर रोड पर छह-मार्गीय व्हीकल अंडरपास का शिलान्यास होगा
- सड़क नवीनीकरण, अंडरपास तथा ओवरब्रिज उत्तर गुजरात में कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएंगे

गांधीनगर, 22 अगस्त :प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 व 26 अगस्त को गुजरात की यात्रा पर आ रहे हैं। इस दौरान वे अहमदाबाद, गांधीनगर तथा मेहसाणा को विभिन्न विभागों के अंतर्गत करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की भेंट देंगे। इनमें सड़क एवं भवन विभाग की कुल 307 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास शामिल है, जिससे उत्तर गुजरात में कनेक्टिविटी और मजबूत बनेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन के अनुरूप सड़क एवं भवन विभाग गुजरात राज्य को निरंतर गतिशील रखने को प्रतिबद्ध है।

गुजरात के नागरिकों को दैनिक परिवहन के लिए मिलेगा अधिक सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उत्तर गुजरात में सड़क एवं भवन विभाग की कुल 6 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। कुल 307 करोड़ रुपए की लागत वाले लोकार्पण व शिलान्यास के ये कार्य गुजरात की प्रजा को दैनिक यातायात के लिए अधिक सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे। इन परियोजनाओं के अंतर्गत उत्तर गुजरात को अपग्रेडेड सड़कें, अंडरपास, ओवरब्रिज मिलेंगे; जो नागरिकों के लिए यात्रा सुरक्षा तथा सुगमता में वृद्धि करेंगे।

विरमगाम-खुडद-रामपुरा सड़क चौड़ी होने से औद्योगिक क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विरमगाम-खुडद-रामपुरा सड़क को 7 मीटर चौड़ी बनाने के कार्य का लोकार्पण करेंगे। 33 करोड़ रुपए की लागत से विरमगाम से खुडद होकर रामपुरा तक के 21 किलोमीटर की इस सड़क को 7 मीटर चौड़ा किया गया है। यह महत्वपूर्ण कॉरिडोर अहमदाबाद जिले की विरमगाम व देत्रोज तहसीलों के औद्योगिक क्षेत्र के विकास को गति देगा। इस विकास कार्य के साथ परिवहन सुगम बनेगा तथा आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

प्रधानमंत्री 274करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

प्रधानमंत्री उत्तर गुजरात के अहमदाबाद, मेहसाणा एवं गांधीनगर जिलों में कुल 274 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें अहमदाबाद-मेहसाणा-पालनपुर रोड पर तीन छह-मार्गीय व्हीकल अंडरपास (126 करोड़ रुपए), अहमदाबाद-विरमगाम रोड पर स्थित फाटक नं. 40 पर रेलवे ओवरब्रिज (70 करोड़ रुपए), कडी-थोळ होकर साणंद तक के 24 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के नवीनीकरण के कार्य (45 करोड़ रुपए) तथा गिफ्ट सिटी में बापा सीताराम जंक्शन का चार-लेन से आठ-लेन रोड में विस्तार (33 करोड़ रुपए) शामिल हैं।

इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड होगा, समय व ईंधन की बचत होगी

मेहसाणा, गांधीनगर तथा अहमदाबाद जिलों से गुजरने वाले विभिन्न सड़क मार्गों पर व्हीकल अंडरपास, रेलवे ओवरब्रिज तथा नवीनीकरण कार्यों से दैनिक आवाजाही करने वाले वाहन चालकों की सुरक्षा एवं सुगमता में वृद्धि होगी। इस सुविधा से यात्रा समय तथा ईंधन की बचत होगी। गांधीनगर में आकार ले रहे फिन-टेक हब गिफ्ट सिटी तक सरल एवं तेज कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। थोळ अभयारण्य जैसे पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को सुगमता होगी। अपग्रेड हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण राज्य में औद्योगिक एवं परिवहन क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा।

# जिस राष्ट्रपति ने बचाई श्रीलंका की अर्थव्यवस्था उसे क्यों किया कोलंबों पुलिस ने गिरफ्तार ?


(जीएनएस)।

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी पैसे के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों के हवाले से समाचार एजेंसी एएफपी ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्हें सितंबर 2023 में लंदन यात्रा के संबंध में पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया था, जहाँ उन्होंने अपनी पत्नी के लिए एक विश्वविद्यालय समारोह में भाग लिया था।

बयान के बाद गिरफ्तारी

एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, विक्रमसिंघे उस समय राज्य के प्रमुख थे जब उन्होंने अपनी पत्नी के सम्मान में आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए लंदन की यात्रा की थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह वित्तीय अपराध जांच प्रभाग (ऋछकऊ) में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

सरकारी संसाधनों के कथित दुरुपयोग का आरोप




पुलिस अधिकारी ने एएफपी को बताया, "हम उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि उन पर निजी मामलों के लिए सरकारी संसाधनों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। विक्रमसिंघे के खिलाफ मामला एक निजी यात्रा के दौरान सरकारी पैसे के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है।

लंदन जाने पर हुआ शक

यह मामला सितंबर 2023 की लंदन यात्रा से संबंधित है। विक्रमसिंघे हवाना से लौटते समय लंदन में रुके थे, जहां उन्होंने ऋ7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। इसी दौरान उन्होंने अपनी पत्नी मैत्री के साथ वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के एक समारोह में हिस्सा लिया था।

विक्रमसिंघे का दावा था कि उनकी पत्नी ने अपनी यात्रा का खर्च स्वयं वहन किया था और इसमें कोई सरकारी धन शामिल नहीं था। हालांकि, आपराधिक जांच विभाग का आरोप है कि उन्होंने अपनी निजी यात्रा के लिए सरकारी धन का उपयोग किया और उनके अंगरक्षकों का खर्च भी राज्य द्वारा वहन किया गया था।

गोटाबाया के बाद संभाली थी कमान

उन्हें शुक्रवार सुबह इस मामले में बयान देने के लिए बुलाया गया था, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई। जुलाई 2022 में, गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाद विक्रमसिंघे राष्ट्रपति बने थे। राजपक्षे को भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के बाद महीनों चले विरोध प्रदर्शनों के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

बचाई थी श्रीलंका की अर्थव्यवस्था

विक्रमसिंघे को 2022 में देश के अब तक के सबसे बुरे वित्तीय संकट के बाद अर्थव्यवस्था को स्थिर करने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, पिछले साल सितंबर में हुए चुनाव में वे वामपंथी एके दिसानायके से दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में हार गए थे।

# ट्रंप की वजह से अमेरिकी किसानों को लगा फटका, ब्राजील और चीन ने उठाया बड़ा कदम

(जीएनएस)।

रूस और चीन के भारतीय उत्पादों के लिए व्यापार के दरवाजे खोलने के बाद, अब एक और ब्रिक्स देश ब्राजील भी चीन के मुख्य सोयाबीन आपूर्तिकर्ता के रूप में अमेरिका की जगह ले रहा है। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब ब्राजील को भी भारत के समान 50% तक के टैरिफ का सामना करना पड़ा है।

चीन और ब्राजील में हुई बात

यह बात तब सामने आया जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने ब्राजीलियाई समकक्ष लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के साथ एक घंटे की बातचीत के बाद कहा कि चीन "ब्राजील के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा का समर्थन करता है।"

डोनाल्ड ट्रम्प के व्यापार युद्ध के बीच, ब्रिक्स देश अमेरिका से आयात कम करके और अपने बाजारों में विविधता लाकर वाशिंगटन डीसी को नुकसान पहुंचा रहे हैं, ताकि आसन्न टैरिफ तूफान का सामना किया जा सके।

चीन ने भी बनाई अमेरिका से दूरी

दुनिया का सबसे बड़ा सोयाबीन आयातक चीन हाल के महीनों में अमेरिका से दूरी बना रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उसने सितंबर और अक्टूबर के लिए फॉरवर्ड बिक्री में




एक भी टन तिलहन नहीं खरीदा है।

पिछले कुछ महीनों में सोयाबीन खरीद का वाशिंगटन से ब्रासीलिया की ओर स्थानांतरण - यहां तक कि उच्च दरों पर भी - और चीन के फॉरवर्ड बिक्री में एक भी टन न खरीदने के निर्णय ने अमेरिकी किसानों को अधर में छोड़ दिया है, जबकि तिलहन की कटाई का मौसम एक महीने में शुरू होने वाला है।

पिछले साल कम हुआ कारोबार

इस सप्ताह की शुरूआत में चीनी सीमा शुल्क एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन ने जुलाई में अमेरिका से 420,873 टन सोयाबीन का आयात किया, जो एक साल पहले की तुलना में 11.47% कम है। वर्तमान में, चीन अमेरिकी उत्पादों पर 20% टैरिफ लगाता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सोयाबीन किसानों ने ट्रम्प को चेतावनी देते हुए लिखा है कि वे "अपने सबसे बड़े ग्राहक के साथ लंबे समय तक व्यापार विवाद में जीवित नहीं रह सकते।"

ट्रंप के चक्कर में अमेरिकी किसानों का नुकसान

पिछले महीने अकेले, चीन का सोयाबीन आयात साल-दर-साल लगभग 19% बढ़ गया, जिसमें ब्राजील ने लगभग 90% और अमेरिका ने केवल 4% आपूर्ति की। रॉयटर्स के मुताबिक ब्राजीलियाई सोयाबीन की ओर चीन के इस बदलाव से अमेरिकी किसानों को अरबों का नुकसान होने की उम्मीद है, क्योंकि बीजिंग ने 2023-24 में अमेरिका के सोयाबीन निर्यात का आधे से अधिक खरीदा था।

डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद अमेरिका-ब्राजील के रिश्ते अंतिम मोड़ पर हैं। जिसमें ट्रंप ने पहले अपने सहयोगी, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो पर चल रहे अभियोजन का हवाला देते हुए लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ लगाने को उचित ठहराया था। यहीं से दोनों के रास्ते अलग होते चले गए।

# बोगाटा, कोलंबिया: तस्करों ने मार गिराया पुलिस का ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर, मारे गए एक दर्जन पुलिसकर्मी

(जीएनएस)।

इंटरनेशनल मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 22 अगस्त 2025 को कोलंबिया में ड्रग तस्करों के एक गिरोह ने ड्रोन हमले में पुलिस के एक ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर को मार गिराया, जिसमें 12 पुलिसकर्मी मारे गए। अधिकारियों ने इसे सुरक्षा बलों के खिलाफ बढ़ते ड्रोन हमलों में सबसे नया मामला बताया है।

सुरक्षाबलों पर बार-बार हो रहे हमले

बोगाटा, कोलंबिया से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना कोलंबियाई सुरक्षा बलों पर लगातार हो रहे ड्रोन हमलों का हिस्सा है। एंटीओक्विया के प्रांतीय गवर्नर एंड्रेस जूलियन रेंडन ने इस घटना से संबंधित एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें दुर्घटनास्थल से धुआं उठता दिख रहा है।

कोकीन तस्करों ने बनाया निशाया

यह अमेरिकी निर्मित ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर गुरुवार सुबह उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया के अमाल्फी शहर के पास एक ग्रामीण इलाके में अपनी सामान्य उड़ान पर था, तभी कोकीन तस्करी करने वाले एक मिलिशिया ने इसे ड्रोन से निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले




में हेलीकॉप्टर नीचे गिर गया।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, "गहरे दुख के साथ, मैं हमारे पुलिस अधिकारियों की हत्या पर शोक व्यक्त करता हूँ और उनके परिवारों के प्रति पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करता हूं।" उन्होंने इन अधिकारियों को "कोलंबिया के लिए अपना जीवन देने वाले नायक" बताया।

301 बार हुए हमले

पिछले साल अप्रैल में कोलंबिया में पहले ड्रोन हमले के बाद से, यहां की सेना के मुताबिक, मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) से 301 हमले हुए हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक हमले काउका और नॉर्ट डी सैंटेंडर प्रांतों में हुए हैं।

दोनों क्षेत्रों में कोका, जिससे कोकीन बनती है, की खेती बहुतायत में होती है, और यहां भारी हथियारों से लैस मिलिशिया ड्रग मार्गों पर नियंत्रण के लिए आपस में लड़ते रहते हैं। इन हमलों में कम से कम 22 सैनिक और पुलिस अधिकारी मारे जा चुके हैं।

ड्रोन का इस्तेमाल बना बड़ी समस्या

अमेरिकी सेना के युद्ध कॉलेज में लैटिन अमेरिका के विद्वान इवान एलिस, जिन्होंने सशस्त्र समूहों द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल पर लिखा है, ने कहा, "यह एक बड़ी और बड़ी समस्या बनती जा रही है।"

'इसे कंट्रोल नहीं किया जा सकता'

एलिस ने बताया कि ड्रोन तकनीक सस्ती है और व्यावसायिक उपयोग से सैन्य उपयोग में आसानी से बदली जा सकती है, जैसा कि नेशनल लिबरेशन आर्मी और ईएमसी जैसे समूहों ने दिखाया है। उन्होंने कहा, "ये ऐसी तकनीकें हैं जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते।"

'इन तक पहुंच मुश्किल है'

एलिस ने आगे कहा, "आप उन्हें सीमित करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान का विस्तार होता है, यह कहना वास्तव में मुश्किल है कि 'ये निश्चित तकनीकें, आप तक इनकी पहुंच नहीं हो सकती'।"

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले दल-बदल का मौसम भी शुरू, पीएम मोदी की गयाजी रैली में नजर आए 2 आरजेडी विधायक

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अब कुछ ही सप्ताह का वक्त बचा है और राजनीतिक दलों के प्रचार अभियान के साथ ही टिकट पाने के लिए कोशिशें भी शुरू हो गई हैं। कुछ नेताओं के टिकट कटना तय है और चुनाव लड़ने के लिए अब वो दूसरे दलों के साथ हाथ मिलाने की कोशिश में जुट गए हैं। इसका नजारा पीएम नरेंद्र मोदी की गयाजी रैली में भी नजर आया, जहां आरजेडी के दो विधायक मंच पर पीएम के साथ दिखे। नवादा से राजद विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर को गयाजी में एनडीए के कार्यक्रम में देखा गया है।

विभा देवी और प्रकाश वीर पिछले एक महीने से पार्टी की गतिविधियों से दूर हैं। बताया जा रहा है कि वोट अधिकार यात्रा में कुछ स्थानीय लोगों ने तेजस्वी यादव से विधायक विभा देवी की शिकायत भी की है। इस बात




की पूरी आशंका है कि इस बार इन दोनों का टिकट कट सकता है। इसलिए दोनों ने अपने लिए विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं।

कई विधायकों के टिकट कटने का अनुमान

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन के खेमे के विधायकों के टिकट ही नहीं कटेंगे, एनडीए में भी कई सीट पर उलटफेर दिख सकते हैं। ठाकुरगंज से पूर्व विधायक गोपाल अग्रवाल ने फिर से जेडीयू का दामन थाम लिया है। जेडीयू और बीजेपी के कई विधायकों के टिकट कट सकते हैं। कुछ नए चेहरों को टिकट मिलेगा और कुछ दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को भी मौका मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी 20 से 30 फीसदी अपने विधायकों का टिकट काट सकती है।

विभा देवी और प्रकाश वीर का जाना आरजेडी के लिए झटका?

विभा देवी और प्रकाश वीर के पीएम मोदी की रैली में शामिल होने पर आरजेडी ने कहा है, 'दोनों विधायक पार्टी की गतिविधियों से दूर हैं और अब अपने विवेक के मुताबिक फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है।' विभा रानी की बात करें, तो उनके पति राजबल्लभ यादव राजद के बड़े नेता माने जाते थे। रेप के एक मामले में दोषी करार दिए जाने की वजह से उनकी पत्नी विभा देवी ने राजनीति में कदम रखा। हालांकि, प्रकाश वीर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही आरजेडी से जुड़े रहे हैं। अब उनके पार्टी छोड़ने का असर नवादा क्षेत्र में दिख सकता है।

# बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, आधार कार्ड मानना होगा, हटाए गए वोटर कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) प्रक्रिया पर उठे विवाद ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार, 22 अगस्त को बड़ा आदेश जारी करते हुए चुनाव आयोग (ECI) को ईं१ रक्क्रपर निर्देश दिया कि पूरी प्रक्रिया मतदाताओं के लिए पारदर्शी और आसान बनाई जाए।

अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स से हटाए गए हैं, वे आधार कार्ड या 11 अन्य वैध दस्तावेजों के जरिए अपना दावा पेश कर सकते हैं। यह सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से उपलब्ध होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने बूथ लेवल एजेंट्स (BLAs) को मतदाताओं की मदद करने और फॉर्म भरने में सहयोग देने के आदेश दिए। अदालत ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर भी आश्चर्य जताते हुए कहा कि मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जांच में उनकी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए।



कोर्ट का यह कदम बिहार चुनाव से पहले पारदर्शिता और मतदाताओं के भरोसे को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

11 दस्तावेजों में आधार कार्ड भी मान्य

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स से हटा दिए गए हैं, वे आधार कार्ड या अन्य 11 मान्य दस्तावेजों के आधार पर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अब यह सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगी।

चुनाव आयोग ने 18 अगस्त को ड्राफ्ट लिस्ट जारी करते हुए बताया था कि करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें से ज्यादातर मतदाता 'ASD' (Absentee, Shifted, Dead) श्रेणी में डाले गए थे।

BLA की जिम्मेदारी तय

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि बूथ लेवल एजेंट्स (BLAs) की जिम्मेदारी होगी कि वे मतदाताओं को सही जानकारी दें और जरूरी फॉर्म भरवाने में मदद करें। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को इस प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

अदालत ने आश्चर्य जताया कि राजनीतिक दलों ने मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जांच और सुधार के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं की। चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अब तक 85,000 नए वोटर्स जुड़े हैं, लेकिन दलों के बूथ एजेंट्स ने केवल दो आपत्तियां ही दर्ज कराई हैं।

विपक्ष के आरोप

विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया था कि बिना उचित जांच किए लाखों असली मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। साथ ही कहा गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जिन 11 दस्तावेजों की मांग की गई थी, उनमें आधार शामिल नहीं था, जबकि यह सबसे आम और सुलभ पहचान पत्र है।

सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि हटाए गए मतदाताओं की सूची 19 अगस्त तक प्रकाशित की जाए और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए।

आयोग ने कोर्ट को बताया कि 'ASD वोटर्स लिस्ट' को सभी जिलों जैसे रोहतास, बेगूसराय, अरवल, सिवान, भोजपुर, जहानाबाद, लखीसराय, बांका, दरभंगा, पूर्णिया आदि जगहों पर बूथों पर चिपका दिया गया है और इसे ऑनलाइन भी उपलब्ध करा दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि बिहार में मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर उठा विवाद कम होगा और मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा मजबूत होगा।

# प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव पर फिर साधा निशाना

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रशांत किशोर लगातार पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। चुनावी रणनीतिकार से नेता बने पीके अपनी पार्टी जनसुराज के लिए लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। प्रशांत लालू यादव के परिवार और आरजेडी पर जमकर हमला बोल रहे हैं। अपने चुनावी सभाओं में वह लालू परिवार के भ्रष्टाचार और वंशवाद पर तीखे वार करते हैं। दूसरी ओर नीतीश कुमार और बीजेपी पर भी वह तीखे हमले बोल रहे हैं। पीके की पार्टी जनसुराज के एक्स अकाउंट से तेजस्वी यादव का एक वीडियो शेयर किया गया है।

प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव और राघोपुर के हालात का कोलाज बनाकर एक वीडियो शेयर किया है। प्रशांत किशोर ने प्रदेश में अपनी यात्रा का नाम बिहार बदलाव यात्रा रखा है। इस दौरान वह लगातार पीएम मोदी, बीजेपी और नीतीश



कुमार से रोजगार के नाम पर सवाल मांग रहे हैं। लालू यादव पर जातिवाद और भ्रष्टाचार के नाम पर भी उसी तीव्रता से हमला बोल रहे हैं।

शेयर किया तेजस्वी का वीडियो

प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के ट्विटर अकाउंट से वीडियो शेयर किया गया है। इसमें चार्टर्ड प्लेन में तेजस्वी का वीडियो है और दूसरी ओर राघोपुर में बाढ़ के हालात हैं। वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है कि जब तक आप जाति पर वोट करते रहेंगे, बिहार के हालात नहीं बदलेंगे।

पीके ने पीएम मोदी की बिहार यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जब तक बिहार के बच्चे गुजरात में जाकर फैक्ट्रियों में काम करते रहेंगे, तब तक पीएम मोदी के बिहार आने से क्या फायदा होगा? पीके के चुनावी प्रचार में बिहार से पलायन रोकना और रोजगार देना मुख्य मुद्दा है।

बिहार विधानसभा चुनाव में मुकाबला इस बार त्रिकोणीय रहने वाला है। एक तरफ एनडीए है जिसमें बीजेपी, जेडीयू, एलजेपी, हम समेत कुछ और छोटे दल हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में जिसमें आरजेडी, कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों के साथ कुछ और दल हैं। इसके अलावा, प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज भी मैदान में है। पीके ने बिहार की सभी सीटों से उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। ऐसे में चुनाव त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

# राकेश झुनझुनवाला की पत्नी के दिलचस्प फैसले ने सबको चौंकाया, बड़ी गिरावट से पहले बेचे 334 करोड़ के शेयर

(जीएनएस)।

शेयर बाजार में सही समय पर लिया गया फैसला कितना बड़ा फर्क डाल सकता है, इसका ताजा उदाहरण दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला बनी हैं। उन्होंने जून 2025 में ही ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज से पूरी तरह बाहर निकलने का बड़ा कदम उठाया था।

रेखा झुनझुनवाला का यह फैसला अब अगस्त में बेहद समझदारी भरा साबित हो रहा है क्योंकि सरकारी सख्ती के बाद नजारा टेक का शेयर एक हफ्ते में करीब 13% टूटकर 1,167 रुपए तक आ चुका है। 18 से 22 अगस्त तक तो यह गिरावट 16.3% प्रतिशत तक आ गई।

बता दें कि मार्च 2025 तक रेखा झुनझुनवाला के पास नजारा टेक में



7.06% हिस्सेदारी के साथ करीब 61.8 लाख शेयर थे। 13 जून 2025 को उन्होंने सारे शेयर औसतन 1,225 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बेच दिए। इस सौदे से उन्हें करीब 334 करोड़ रुपए मिले। यह वही हिस्सेदारी थी जो कभी दिवंगत राकेश झुनझुनवाला के पास 10.82% तक रही थी। रेखा ने इसे पूरी तरह खत्म कर दिया।

शेयरों का हाल (18-22 अगस्त 2025)

कंपनी 18 अगस्त 21 अगस्त गिरावट/बढ़त 22 अगस्त भाव

नजारा टेक 1,394 1,205 - 13% 1,167 रुपए

डेल्टा कॉर्प 83.5 91.21 +9% 89.24 रुपए

ऑनमोबाइल 53.47 53.64 0% 52.51 रुपए

सरकार की सख्ती और असर

हाल ही में सरकार ने ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग पर पाबंदी लगाई। नजारा टेक का बिजनेस लगभग 44% गेमिंग से जुड़ा है, इसलिए दबाव बढ़ा। हालांकि कंपनी यह सर्विस विदेशी मार्केट से भी प्रोवाइड कराती है।